# परेशानी : बारिश से शहर की सड़कें हुईं गड्ढों में तब्दील, मरम्मत नहीं

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 6 जुलाई. शहर की अधिकांश डामर सड़कों पर गड्ढे हो गये है। लेकिन इन गड्ढों को भरने का काम नहीं किया जा रहा है। जिससे सड़कों पर गड्ढे और बढ़ते जा रहे है।**

**सड़कों पर गड्ढों की वजह से वाहन चालक हो रहे परेशान**

**मरम्मत के अभाव में सड़क और हो रही खराब**

इन गड्ढों भरी सड़कों पर वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। ऊपर से गड्ढों में बारिश का पानी जमा होने से रात्रि के समय यह गड्ढे नजर नहीं आ रहे और वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे है। यह हाल शहर के वार्डों की सड़कों के ही नहीं, अपितु शहर की प्रमुख सड़कों और चौक-चौराहों पर भी सड़कों में गड्ढे नजर आ रहे हैं। वार्डों में सड़क निर्माण के टेंडर लगे होने के बावजूद ठेकेदारों द्वारा समय पर निर्माण शुरू नहीं किया गया। जिसके कारण बारिश में अब वाहन चालकों के साथ राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल बारिश में सड़कों की खस्ता हालत का मुख्य कारण पानी निकासी के इंतजाम नहीं होना हैं। जिसके कारण सड़क पर पानी भर जाता है। इस वजह से यह सड़क महज छह माह ही टिकती है और इसके बाद सड़क पर गड्ढे हो जाते हैं। हालांकि अब जितनी भी प्रमुख सड़कें बनाई जा रही हैं उनमें नगरपालिका द्वारा नाली निर्माण भी कराया जा रह हैं, लेकिन पानी निकासी के लिए ठीक तरह से इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

**प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का**



**आना-जाना :** शहर की मुख्य सड़कों पर प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है। दिन में तो वाहन चालक जैसे-तैसे सड़क के गड्ढों से बच भी जाते है, किन्तु रात्रि में गड्ढे नजर नहीं आने से कई बार वाहन चालक गिरकर चोटिल हो चुके है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि शहर में सड़कों का निर्माण तो कराया जाता है, लेकिन यह सड़क चंद सालों में ही खराब हो जाती है। जिसके बाद इनकी मरम्मत तक नहीं होगी है। मरम्मत के अभाव में सड़कों पर बने गड्ढों का आकार बढ़ता है और सड़क जल्द ही खराब हो जाती है। वहीं वाहन चालक सड़क पर बने गड्ढों से बचने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल होते है। गड्ढों के वजह से वाहनों के टकराने की भी घटनाएं अक्सर सामने आती है। बार-बार वाहन गड्ढे में जाने से वाहन में टूट-फूट हो रही है।

## गड्ढों के कारण सड़क पर चलना हुआ मुश्किल

खस्ताहाल सड़क से आमजनता परेशान है। बारिश में गड्ढों के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ गई है। लेकिन इन गड्ढों में डस्ट या मुरम डालकर समतल तक नहीं किया है। गंज क्षेत्र में व्यापारियों ने खुद गड्ढे भरे, वहीं कॉलेज चौक पर सड़क पर बने गड्ढे वैसे ही है। इससे रोजाना वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह गिट्टी ने डामर छोड़ दिया है, लेकिन अन्य विकल्प नहीं होने से लोग इसी खस्ताहाल सड़क पर चलने को विवश हैं, जबकि इस सड़क पर प्रतिदिन हादसे हो रहे है। कभी लोग चोटिल हो जाते है तो कभी गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल पहुंच रहे है।

डस्ट डालकर गड्ढे भरवाने का कार्य शुरू कर दिया है। अभी गेंदा चौक क्षेत्र में गड्ढे भरे जा रहे है। इसके पश्चात अन्य स्थानों पर भी गड्ढे भरे जायेगे। जिससे बारिश के दौरान राहगीरों को सड़कों पर चलने में परेशान न हो। इसके अलावा सड़कों पर से पानी निकासी की भी व्यवस्था की जायेगी।

– **सतीश मटसेनिया,**
सीएमओ, नपा बैतूल

### शहर की इन सड़कों पर गड्ढे

शहर की मुख्य सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गये है। इन गड्ढों की वजह से सड़के और खराब हो रही है। लेकिन कोठीबाजार, लल्ली चौक, नगरपालिका के पास के पास सड़कों पर लापरवाही के गड्ढे उभर आए हैं। जहां भी नई सड़कें बनाई गई या जहां भी पेंचवर्क किया जा रहा है वहां पूरे शहर में सड़कें बुरी तरह उधड़ चुकी है। सड़कें पर एक से डेढ़ फीट के गड्ढे उभर आए हैं। जिससे अब वाहन चालक सड़कों पर हिचकोले खाने को मजबूर हैं तो वहीं वाहनों में भी टूट-फूट हो रही है। नेहरू पार्क की चौपाटी पर लगभग दो साल पहले स्वीकृत हुई सड़क का काम भी ऐन बारिश के वक्त शुरू किया गया। यह सड़क बनने से पहले कम से कम ऐसी थी कि इस पर वाहन चला सकते थे, लेकिन नई सड़क बनी और बारिश शुरू हो गई, जिससे गिट्टियां बाहर आई और गड्ढे भी बड़े हो गए।

### एक नजर में

## 16 जुलाई से शुरू, 24 अगस्त तक चलेगा झूलेलाल चालिया महोत्सव

**बैतूल।** बैतूल शहर एक बार फिर श्री झूलेलाल के भक्तिरस में सराबोर होने जा रहा है। पूज्य सिंधी पंचायत बैतूल द्वारा इस वर्ष भी श्री झूलेलाल चालिया महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह पावन महोत्सव 16 जुलाई से प्रारंभ होकर 24 अगस्त तक मनाया जाएगा। सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां मोहन कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर परिसर में आयोजित की जाएंगी। चालिया महोत्सव का शुभारंभ 16 जुलाई को गंज झूलेलाल मंदिर में प्रातः 8.30 बजे अखंड ज्योत प्रज्वलन एवं पूजन से होगा। इसके बाद मोहन कॉलोनी झूलेलाल मंदिर में प्रातः 10.30 बजे से अखंड ज्योत प्रज्वलन एवं पूजन किया जाएगा। आरती का समय प्रतिदिन सुबह 9 बजे एवं रात्रि 9 बजे रखा गया है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ

**बैतूल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत बैतूल के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ सोमवार को कार्यालय कलेक्टर सभागार से किया गया। इस अभियान का शुभारंभ कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं आमजन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी श्रीमती सुषमा गवली, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक सी. आर. जंघेला, तथा धनंजय सिंह ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अभियान की सराहना करते हुए पौधरोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत पौधे रोपने की जानकारी प्रदान की गई तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ मातृ सम्मान को भावनात्मक रूप से जोड़ना है। कार्यक्रम में युवाओं से अपील की गई कि वे इस अभियान से जुड़कर अधिकाधिक संख्या में पौधे लगाएं और उन्हें सुरक्षित भी रखें।

# पिछले साल की अपेक्षा इस साल 2 .1 इंच ज्यादा बारिश दर्ज

**बैतूल। बारिश का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा और दिनभर रुक-रुककर हल्की बारिश होती रही। जिले में अब तक 9.2 इंच औसत वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य से 2.1 इंच अधिक है।**



लगातार बारिश के कारण अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री दर्ज किया गया। भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक बैतूल में 161.0 मिमी, घोड़ाडोंगरी 344.0, चिचोली 265.0 मिमी, शाहपुर 320.4, मुलताई 201.9, प्रभातपट्टन 229.6, आमला 201.0, भैंसदेही 183.0, आठनेर 159.2 और भीमपुर में 243.0 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। जिले में पिछले 24 घंटे यानि रविवार सुबह 8 से सोमवार सुबह 8 बजे तक 6.9 मिमी और इस सीजन में अब तक 230.5 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि पिछले साल इस वक्त तक 175.9 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। वैसे इस साल बारिश की शुरुआत धीमी रही, लेकिन अब रफ्तार संतोषजनक है। सबसे ज्यादा बारिश घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में 13.5 इंच रिकॉर्ड हुई है। लगातार बारिश से सतपुड़ा डैम के दोपहर में 7 गेट खुले है। इससे पहले सुबह 5 गेट खोलकर डैम के पानी को मेंटेन किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून का स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय है, जिससे आगामी दिनों में बारिश की तीव्रता और बढ़ सकती है। वातावरण में नमी का स्तर 99 प्रतिशत तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिन मंगलवार, बुधवार और गुरूवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें कहीं-कहीं भारी से अति भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। इधर जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

# भारत की अर्थव्यवस्था में उद्योग का योगदान

**बैतूल।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग मध्य प्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम और इंडस्ट्री पार्टनर लघु उद्योग भारती द्वारा बीआरसी क्लब ग्रीन सिटी इंडस्ट्रियल एरिया बैतूल में सोमवार को लघु उद्योग भारती के सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष व राज्य मंत्री दर्जा मोहन नागर, सुधाकर पवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, मुकेश खंडेलवाल, बालाराम



साहू, हकम सिंह रघुवंशी, डीडी सेठिया, पुरुषोत्तम कौशिक, विनोद नायर, देवेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित थे। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नगर ने कहा कि लघु उद्योग किसी भी देश की आर्थिक रीढ़ होते हैं। यही उद्योग न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाते हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में उद्योग जगत का सबसे बड़ा योगदान है। गृह, लघु एवं कुटीर उद्योग से ही भारत सोने की चिड़िया बना था।

# बरहापुर पंचायत कार्यालय में नदारद मिले अधिकारी

**बैतूल।** भैंसदेही जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहापुर के ग्रामीण इस समय दोहरी मुसीबत से जूझ रहे हैं। एक तरफ बारिश के चलते सड़कें कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुकी हैं, दूसरी ओर जब लोग अपनी समस्याएं लेकर पंचायत दफ्तर पहुंचते हैं, तो वहां कोई सुनने वाला नहीं होता। हालात यह हैं कि प्रशासनिक उपेक्षा ने ग्रामीणों को आत्मनिर्भरता के भरोसे छोड़ दिया है। ग्रामीण शिवा अतुलकर ने बताया कि ग्रामीणों को अपने दैनिक कार्यों के लिए अक्सर पंचायत कार्यालय का सहारा लेना पड़ता है, जैसे आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनवाना, मनरेगा से जुड़ी मजदूरी की जानकारी लेना, पीएम आवास, शौचालय योजना जैसी योजनाओं की जानकारी और आवेदन कराना, लेकिन बरहापुर पंचायत कार्यालय में आए दिन अधिकारी और कर्मचारी नदारद रहते हैं, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर उन्हें बिना काम के ही लौटना पड़ता है। यह लापरवाही ग्रामीणों के जरूरी कामों में बाधा बन रही है। दूसरी समस्या गांव में लगातार बारिश के कारण मुख्य सड़कें और गलियां कीचड़ से लबालब हो गई हैं।

# अस्पताल से छुट्टी के पहले मिला जन्म प्रमाण

**बैतूल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंशानुरूप जिले में नवजात शिशुओं का जन्म प्रमाण पत्र उनकी माताओं को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही प्रदान किया जा रहा है। यह पहल न केवल प्रशासन की तत्परता को दर्शाती है, बल्कि नवजात के अधिकारों की शुरुआत को भी मजबूत करती है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल पहुंचकर श्रीमती नेहा कहार को उनके नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र सौंपा। श्रीमती नेहा को 4 जुलाई को अस्पताल में भर्ती किया गया था और सफल प्रसव के पश्चात 7 जुलाई को उन्हें डिस्चार्ज किया



गया। शासन की मंशा के अनुरूप उन्हें छुट्टी से पूर्व ही उनके बच्चे का पहला कानूनी दस्तावेज सौंपा गया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए मध्यप्रदेश शासन ने यह निर्णय लिया। इस पहल से अब अभिभावकों को अपने बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के लिए अनावश्यक परेशान नहीं होना पड़ेगा। जिला अस्पताल में माताओं को जन्म प्रमाण पत्र त्वरित रूप से देने की प्रक्रिया सतत जारी रहेगी। इस अभिनव प्रयास के अंतर्गत सोमवार को ही 11 अन्य माताओं को भी उनके नवजात बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र दिए गए।

# बाबा श्याम की भक्ति में डूबा सोनोली धाम, किया कोलकाता का श्रृंगार

**बैतूल।** देव शयनी एकादशी के पावन अवसर पर मुलताई के सोनोली धाम स्थित श्याम बाबा के मंदिर में भव्य कीर्तन संध्या का आयोजन हुआ, जहां कोलकाता के अलौकिक श्रृंगार में सजे बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भजन, भक्ति और भव्यता का ऐसा संगम देखने को मिला कि हर भक्त की आंखें श्रद्धा से छलक उठीं। इस अवसर पर मंदिर को कोलकाता से मंगवाए गए अलौकिक दिव्य श्रृंगार से सजाया गया। श्रृंगार अत्यंत मनोहारी था। बैतूल जिले का यह पहला बाबा श्याम का मंदिर है, जहां हर एकादशी को नियमित रूप से भव्य कीर्तन और भजन संध्या का आयोजन होता है। भजन संध्या में शैलेंद्र डोंगरे, बिंदेश मासोदकर, दीक्षा मासोदकर, अनुष्का विश्वकर्मा, मनु बंदेवार, पिंकी यादव और रिंकी यादव ने बाबा श्याम के भजनों की दिव्य प्रस्तुति देकर उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या की हर एक प्रस्तुति पर भक्तों ने तालियों और जयकारों से वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। मंदिर समिति के सदस्यों और सेवकों द्वारा इस आयोजन की पूरी तैयारी की गई थी। मंदिर के सेवक विक्की मित्तल एवं उनका परिवार हर एकादशी पर पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ बाबा श्याम का कीर्तन करते हैं।

# सिलेंडर वितरण में सुरक्षा मानकों की अनदेखी

**सारनी।** सारनी एवं बागडोना क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था गंभीर लापरवाही एवं अनियमितताओं की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। क्षेत्र में गैस वितरण के दौरान न तो सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है और न ही उपभोक्ताओं के अधिकारों का सम्मान हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डिलीवरी के समय भारी मात्रा में गैस सिलेंडरों को खुले मैदान में असुरक्षित तरीके से उतारा व लादा जा रहा है। न तो श्रमिकों को सुरक्षा किट प्रदान की गई है और न ही ट्रकों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया गया है। पूरे कार्य के दौरान



कहीं कोई चेतावनी बैरियर भी नहीं लगाया गया, जिससे स्थानीय निवासियों की जान को भी खतरा बना रहता है। गैस सिलेंडर वितरण संचालकों से पूछने पर उन्होंने अपनी कमियां और टेंपो चालकों के पक्ष में ही बात कर गुमराह करने लगे। विशेष रूप से चिंता का विषय यह है कि कंपनी द्वारा नियत दर 879.50 प्रति सिलेंडर उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचाने के निर्देश हैं, फिर भी वितरण में लगे टेंपो व ऑटो चालक उपभोक्ताओं से 30 से 50 रुपये अतिरिक्त वसूल रहे हैं। यह अवैध वसूली वर्षों से जारी है, जिसके विरुद्ध अब तक कोई ठोस प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हुई है। दोनों गैस गोडाउन रहवासी क्षेत्र में बने हुए हैं, जिससे खतरे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों एवं जागरूक उपभोक्ताओं ने इस विषय में कई बार संबंधित वितरण एजेंसी राहुल इंटरप्राइजेज के संचालक को अवगत कराया, परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# रैली एवं सभा में जेब काटने वाले 4 लोग गिरफ्तार

**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने रैली एवं सभा में जेब कटिंग करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 4 जेब कतरो को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकार से मिली जानकारी के अनुसार 6 जुलाई को संजय वर्मा पिता श्याम सुन्दर वर्मा निवासी सोहागपुर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट किया कि नव नियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम बार नगर आगमन पर स्वागत के लिये भारत भारती के पास खडे थे, तभी किन्ही अज्ञात व्यक्तियों ने मेरी पेंट की पीछे की जेब से 15 हजार रूपये निकाल लिये है। रिपोर्ट पर धारा 304(2), 3(5) बीएनएस का अज्ञात आरोपियो के



विरूध्द कायम कर विवेचना में लिया गया। इस प्रकार 14 जून को फरियादी सारिक खान पिता अब्दुल कबीर निवासी चन्द्रशेखर वार्ड सदर बैतूल ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट किया कि केन्द्रीय राज्य मंत्री के प्रथम बार नगर आगमन पर स्वागत के लिये कारगिल चौक बैतूल में शाम 6.00 बजे खडे थे मौके पर काफी भीड थी स्वागत समारोह के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरे कुर्ते के दाहिने जेब से 8 हजार 5 सौ रूपये निकाल लिये है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादवि का अज्ञात आरोपी के विरूध्द कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये रैली एवं सभा के आसपास सिविल वर्दी में पुलिस कर्मियो को तैनात किया गया। रैली से 4 संदिग्ध व्यक्तियो को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी आयुष पांडे निवासी दमोह नाका जबलपुर, राहुल अग्रवाल निवासी साई नगर थाना मोहन नगर जिला दुर्ग छत्तीसगढ, किशोर कुमार सेन निवासी दुर्गापारा सुपेला भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ और नीलेश मेश्राम निवासी सुपेला लक्ष्मी नगर छत्तीसगढ को गिरफ्तार कर कुल 13 हजार रूपये जप्त कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**बैठक** स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी और सफल क्रियान्वयन किया जाए

# जन शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरतें : कलेक्टर

**बैतूल। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की।**

**समय सीमा की बैठक आयोजित**

**कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश**



बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन और सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर कलेक्टर ने शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर प्रगति लाने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रमुख रूप से जनजातीय कार्य विभाग, वाणिज्यकर, उद्यानिकी, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन, विज्ञान प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय और श्रम विभाग के जिला अधिकारियों को शिकायतों प्राथमिकता से निराकरण करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का भी जल्द निराकरण सुनिश्चित कराएं। जन शिकायतों के निराकरण में कोताही ना बरते। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित आयुष्मान, टीबी उन्मूलन, सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन, टीकाकरण, बाल मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर इत्यादि समस्त योजनाओं में कलेक्टर ने सभी बीएमओ से चर्चा कर मिशन मोड में कार्य करने और 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए। देह दान और अंग दान के संबंध में भी शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्रों का संचालन, पोषण आहार वितरण, पोषण ट्रैकर इत्यादि महिला एवं बाल विकास अंतर्गत संचालित योजनाओं में प्रगति लाने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देशित किया।

### प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने विशेष अभियान चलाएं

कलेक्टर ने उप संचालक कृषि को निर्देशित किया कि जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने सभी विभागों से ई ऑफिस प्रणाली के तहत फाइल्स के ऑनलाइन मूवमेंट की जानकारी ली और ई ऑफिस का सुचारू और सफल क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को हिट एंड रन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने और राहवीर योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। विभागीय पदोन्नति की तैयारियों के संबंध में भी संबंधित विभागों से जानकारी प्राप्त की।

# उपलब्धि : चिचोलीढाना की शालू सुजाने बनीं सीए

**भैंसदेही। ग्राम चिचोलीढाना निवासी किसान पिता बबलू सुजाने एवं माता कमलाबाई सुजाने की सुपुत्री कु शालू सुजाने ने जुलाई 2025 में सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर बड़ी सफलता प्राप्त की है।**

इससे सुजाने परिवार के साथ अपने गांव तथा जिले का नाम रोशन किया है। कुमारी शालू सुजाने ने कक्षा 12वीं की परीक्षा शा ऊ मा वि भैसदही से उत्तीर्ण की एवं बी कॉम भोपाल से उत्तीर्ण कर अपनी लगन एवं कड़ी मेहनत से सीए की कोचिंग इंदौर से कर यह बड़ी सफलता प्राप्त की है। शालू के बड़े पिताजी सुरेश सुजाने, चाचा मिथलेश सुजाने, कैलाश सुजाने तथा भाई अमित सुजाने ने कु शालू की सफलता पर उनके स्वागत एवं सम्मान में भैंसदेही के प्राचीन शिव



मंदिर में पूजा अर्चना कर बेटी को गाजे बाजे तथा रोड शो के आयोजन के साथ अपने ग्रह ग्राम चिचोलीढाना तक ससम्मान लाया गया। जिला किराड़ समाज संगठन बैतूल के पदाधिकारी कमल पटेल धाकड़ पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री कृष्णा सुजाने, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र मोहने सहित संगठन के कई सदस्यों ने कार्यक्रम में पहुंचकर बेटी को बधाई एवं शुभकामना देते हुए स्वागत पुष्पहार से किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अलकेश सुजाने, एडवोकेट संघ बैतूल के एडवोकेट संजय तिवारी, तुलसीराम पेठे, चंदेल तथा शिक्षक अशोक लिखितकर, दुर्गा घाणेकर, शबाना शेख , कावडकर मैडम तथा, एवं ज्ञानेंद्र अमरुते, जगदीश नागपुरे, राजू देशमुख सहित भारी मात्रा में समाज बंधु एवं माता बहने उपस्थित हुईं।